Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 07 मार्च 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 160

## देश को मिली पहली अंडर वाटर मेट्रो, पीएम मोदी ने दिखाई हरी झंडी

**कोलकाता (आरएनएस)।** देश को आज पहली अंडर वाटर मेट्रो मिल गई है। पीएम मोदी ने कोलकाता में इसका उद्घाटन किया। इसके अलावा पीएम मोदी ने कई अन्य परियोजनाओं का भी शिलान्यास और उद्घाटन किया। कुल मिलाकर पीएम मोदी बंगाल 15400 करोड़ रुपये की सौगात दी। अंडरवाटर मेट्रो के उदघाटन के अलावा पीएम मोदी कवि सुभाष-हेमंत मुखोपाध्याय मेट्रो खंड और तारातला-माजेरहाट मेट्रो खंड का भी उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने अंडरवाटर मेट्रो ट्रेन में बच्चों के साथ सवारी की।




जानकारी के अनुसार, नदी के नीचे मेट्रो के शुरू हो जाने से ईस्ट-वेस्ट मेट्रो हावड़ा मैदान से हुगली नदी में बने टनल के जरिए साल्ट लेक सेक्टर पांच आसानी से पहुंचा जा सकता है। इसकी कुल लंबाई लगभग 16.5 किलोमीटर है। इसमें से 10.8 किलोमीटर जमीन के अंदर से गुजरेगा। शेष 5.75 किलोमीटर का प्रोजेक्ट जमीन के ऊपर तैयार किया गया है।

बता दें, हुगली नदी के अंदर की 520 मीटर दूरी को मेट्रो ट्रेन महज 45 सेकंड में पूरी कर लेगी। इस मेट्रो में ऑटोमेटिक ट्रेन ऑपरेशन सिस्टम लगा है यानी मोटरमैन के बटन दबाते ही ट्रेन अपने आप अगले स्टेशन के लिए मूव करेगी। ये मेट्रो अधिकतम रफ्तार 80 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार पर दौड़ेगी। यात्रियों की सुरक्षा के लिए ट्रेन को कोच (रेक) में बेहतर ग्रैब हैंडल और हैंडल लूप के साथ-साथ एंटी-स्किड फर्श और अग्निशामक यंत्र भी इसमें रहेंगे। आपातकालीन स्थिति में यात्री टाक टू ड्राइवर यूनिट के माध्यम से मोटरमैन के साथ बातचीत भी कर सकेंगे। प्रत्येक कोच की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे भी रहेंगे।

प्रत्येक कोच में हाई क्लास सुविधाएं होगी। हावड़ा मैदान से एस्प्लेनेड तक जाने में छह मिनट का समय लगेगा। कुल 16 किमी के मार्ग में 10.8 किमी जमीन के भीतर से है। इसमें नदी का नीचे का हिस्सा भी शामिल है। पानी के भीतर से गुजरने वाली मेट्रो गंगा की सहायक नदी हुगली के नीचे तलहटी से 13 मीटर नीचे से गुजरेगी। दोनों टनल समानांतर बनाए गए हैं। इस मेट्रो में वर्ष 2035 तक 10 लाख यात्री सफर करेंगे।

## एमपी में विमान क्रैश, गुना एयरपोर्ट पर लैंडिंग के वक्त हादसा; महिला पायलट घायल




**गुना (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश की गुना हवाईपट्टी पर आज एक प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार महिला पायलट घायल हो गई।

पुलिस सूत्रों ने प्रारंभिक सूचना के हवाले से कहा कि प्रशिक्षु विमान राज्य के नीमच से सागर जिले के ढाना तक की उड़ान पर था। उड़ान के दौरान महिला पायलट को कुछ तकनीकी परेशानी प्रतीत हुयी। इसके बाद उसने गुना हवाईपट्टी पर अनुमति के बाद आपातकालीन लैंडिंग करायी। लैंडिंग के दौरान विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और झाडिय़ों में जा घुसा। वहां मौजूद लोगों ने महिला पायलट को विमान से निकाला और तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया।

सूत्रों ने कहा कि महिला पायलट का नाम नैनसी मिश्रा (22) बताया गया है। इस हादसे की जानकारी संबंधित विमानन कंपनी को दे दी गयी है। हवाईपट्टी पर फायरब्रिगेड और अन्य आपातकालीन व्यवस्थाएं की गयी थीं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बर्थडे पार्टी कर लौटते वक्त पिकअप में घुसी बाइक, तीन छात्रों की मौत, एक घायल

**बहादुरगढ़ (आरएनएस)।** हरियाणा के बहादुरगढ़ में बीती रात जन्मदिन मनाकर लौट रहे युवकों की बाइक की पिकअप गाड़ी से टक्कर हो गई। हादसे में सगे भाइयों समेत 3 युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। उसे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चारों एक ही बाइक पर सवार थे। पुलिस ने लडक़ों के शव कब्जे में लेकर बहादुरगढ़ के सरकारी अस्पताल में भिजवा दिए हैं। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के हवाले किए जाएंगे। मृतकों की पहचान मांडौठी गांव के रहने वाले अजीत, सुजीत और कपिल के रूप में हुई है, जबकि मोहित को गहरी चोट आई हैं द्य अजीत और सुजीत सगे भाई हैं। दोनों मूलरूप से बिहार के रहने वाले हैं, लेकिन कई सालों से अपने माता-पिता के साथ मांडौठी गांव में ही रह रहे हैं। कपिल भी इसी गांव में अपने मामा के घर रहता था। सुजीत का जन्मदिन था। अजित, सुजीत, कपिल और मोहित एक ही बाइक पर सवार होकर पार्टी करने के लिए गए थे। वहां से लौटते वक्त उनकी बाइक पिकअप में जा घुसी। चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। खून से लथपथ हालत में उन्हें बहादुरगढ़ के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अजीत और कपिल 12वीं में पढ़ रहे थे। उनका आज हिंदी का बोर्ड एग्जाम था। वहीं कपिल और मोहित 11वीं कक्षा के छात्र थे। चारों मांडौठी गांव के राजकीय माध्यमिक स्कूल के छात्र थे। इससे पहले ही वे हादसे का शिकार हो गए।

### लोकसभा चुनाव से पहले सरकार का बड़ा ऐलान: आशा और आंगनबाड़ी वर्कर्स की सैलरी में इजाफा

**कोलकाता (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी राजनीतिक दलों ने कमर कस ली और मतदाताओं को लुभाने के लिए कई बड़े ऐलान किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी बड़ा ऐलान किया है। ममता बनर्जी ने आशा वर्कर्स और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सैलरी में इजाफा किया है। टीएमसी सुप्रीमो ममता ने कहा कि अप्रैल से आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी वर्कर्स की सैलरी में 750 रुपये की बढ़ोतरी का फैसला लिया गया है। ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा, 'अप्रैल से आशा कार्यकर्ताओं के वेतन में 750 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। आंगनबाड़ी सहायिका को लगभग 6,000 रुपये मिलते हैं। 1 अप्रैल से उनका वेतन 500 रुपये बढ़ जाएगा।

### संदेशखाली मामले में ममता सरकार को बड़ा झटका, सुप्रीम कोर्ट ने तुरंत सुनवाई से किया इनकार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** संदेशखाली में महिलाओं पर कथित अत्याचार करने वाले और ईडी की टीम पर हमले के आरोपी तृणमूल कांग्रेस के निष्काषित नेता शाहजहां शेख को लेकर आज सुप्रीम कोर्ट में बड़ी सुनवाई हुई। इस सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल की ममता बनर्जी सरकार को बड़ा झटका दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने मामले में तुरंत सुनवाई करने से इनकार करते हुए बंगाल सरकार को कलकत्ता हाई कोर्ट का आदेश मानने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा है कि बंगाल सरकार शेख शाहजहां को तुरंत सीबीआई को सौंपे। ईडी अधिकारियों पर हमले के मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने एसआईटी को बर्खास्त कर मामले की जांच सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया था। हाई कोर्ट ने बंगाल सरकार को आदेश दिया था कि शेख शाहजहां को मंगलवार शाम 4.30 बजे तक सीबीआई को सौंप दें। हालांकि, पश्चिम बंगाल सरकार हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चली गई। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को शेख शाहजहां मामले में पश्चिम बंगाल सरकार की तत्काल सुनवाई की मांग को ठुकरा दिया है।

### दिल्ली में खतरनाक स्टंट, पुलिस ने जब्त की एसयूवी, ड्राइवर फरार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली पुलिस ने पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन इलाके में लापरवाह ड्राइविंग और खतरनाक स्टंट के लिए इस्तेमाल की जाने वाली एक एसयूवी को जब्त कर लिया है। पुलिस ने बुधवार को कहा कि ड्राइवर को पकडऩे का प्रयास जारी है। अधिकारियों ने कहा कि एसयूवी पर एक बीकन था और स्टंट के वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए थे। आरडब्ल्यूए राजौरी गार्डन द्वारा पुलिस में शिकायत करने के बाद कार्रवाई की गई। शिकायत में कहा गया था कि कुछ वाहन चालक लापरवाही से वाहन चलाते हैं और स्टंट करते हैं।

## गाजियाबाद में अगरबत्ती बनाने वाली फैक्ट्री में लगी भीषण आग, काबू पाने की कोशिश जारी

**गाजियाबाद (आरएनएस)।** गाजियाबाद के कवि नगर इंडस्ट्रियल एरिया में बुधवार सुबह फायर विभाग को सूचना मिली कि एक अगरबत्ती-धूपबत्ती बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाडिय़ों ने देखा कि आग बेसमेंट से लेकर सेकंड फ्लोर तक पहुंच गई है।

इसके बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की नौ गाडिय़ों को बुलाया गया और लगातार आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है।

गाजियाबाद के चीफ फायर ऑफिसर राहुल पॉल ने बताया कि फायर स्टेशन कोतवाली को सुबह 7:25 पर सूचना मिली कि कविनगर इंडस्ट्रियल एरिया की फैक्ट्री में आग लग गई है, जिसके बाद 5 गाडिय़ों को रवाना किया गया।

वहां पहुंच कर देखा कि आग बेसमेंट, फर्स्ट फ्लोर और सेकंड फ्लोर पर लगी हुई है।



फैक्ट्री में धूपबत्ती, अगरबत्ती बनाने का काम होता था। बेसमेंट में उनका माल रखा हुआ था।

फायर ब्रिगेड की गाडिय़ों ने आग बुझाने का काम शुरू किया, लेकिन आग बढ़ती चली गई। जिसके बाद वैशाली, नोएडा से भी फायर ब्रिगेड की गाडिय़ों को बुलाया गया है, अब तक 9 गाडिय़ां आ चुकी हैं। फिलहाल कोई जनहानि नहीं हुई है। आग पर काबू पाने का प्रयास लगातार जारी है।

## शाहजहां शेख की 12 करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क

**मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने की बड़ी कार्यवाई**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में बड़ी कार्रवाई करते हुए निलंबित ञ्जरूष्ट नेता शाहजहां शेख की 12.78 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है, जिसमें बैंक जमा, एक अपार्टमेंट और संदेशखली और कोलकाता में कृषि और मत्स्य पालन भूमि शामिल है। एजेंसी ने एक बयान में कहा, इन संपत्तियों को कुर्क करने के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (क्करूरुर) के तहत एक अनंतिम आदेश जारी किया गया है। आपको बता दें कि शेख के समर्थकों पर आरोप है कि उसने 5 जनवरी को उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली गई ईडी टीम पर हमला किया था।



जांच एजेंसी के बयान में कहा गया, 'ईडी ने अचल और चल संपत्तियों के रूप में अपराध से अर्जित 12.78 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी जब्त की है। इनमें अपार्टमेंट के तौर पर 14 अचल संपत्तियां शामिल हैं। ग्राम सरबेरिया, संदेशखाली और कोलकाता में कृषि भूमि, मछली पालन के लिए जमीन और भवन भी इन्हीं में हैं। साथ ही 2 बैंक खाते भी कुर्क किए गए हैं।' पश्चिम बंगाल पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत शेख के खिलाफ दर्ज किए थे, जिनके आधार पर ईडी की टीम ने उसके खिलाफ ऐक्शन लेना शुरू किया। इनमें आर्म्स एक्ट, एससी और एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की रोकथाम अधिनियम प्रमुख हैं।

इस बीच, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (ष्टक्चढ्ढ) ने ईडी अधिकारियों पर हुए हमले की जांच अपने हाथ में लेने के लिए राज्य की पुलिस से संपर्क किया है। सीबीआई की टीम शाहजहां शेख को हिरासत में लेने के लिए अर्द्धसैनिक बलों के साथ कोलकाता में ष्टढ्ढष्ठ के दफ्तर भी पहुंची। शेख को हमले के सिलसिले में राज्य पुलिस ने 29 फरवरी को गिरफ्तार किया था। इससे पहले दिन में, कोलकाता हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस टी एस शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली पीठ ने निर्देश दिया कि हमले की जांच सीबीआई को सौंपी जाए। बेंच ने यह भी निर्देश दिया कि शेख को मंगलवार शाम साढ़े 4 बजे तक सीबीआई की हिरासत में दे दिया जाए। हालांकि, उच्च न्यायालय के आदेश को पश्चिम बंगाल सरकार ने कुछ ही घंटों के अंदर सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे दी।

## स्पेनिश महिला से सामूहिक दुष्कर्म मामले में फरार अन्य पांच आरोपी गिरफ्तार

**दुमका (आरएनएस)।** झारखंड में दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र में बीते दिन स्पेन की रहने वाली महिला की लज्जा भंग करने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को पांच अन्य फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

दुमका के पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खैरवार ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस शर्मसार कर देने वाली इस घटना पर त्वरित कार्रवाई कर पुलिस ने संलिप्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की गम्भीरता को देखते हुए गहन छानबीन कर रही है तथा वैज्ञानिक तरीके से प्राप्त सहित अन्य साक्ष्य को एकत्र कर केश डायरी तैयार करने में जुट गयी है जिससे सभी आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जा सके।




इस मौके पर जरमुंडी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार के साथ हंसडीहा थाना के कई पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि स्पेन की रहने वाली महिला की साथ सामुहिक दुष्कर्म करने और उसके पति के साथ मारपीट एवं छिन्नतई करने के मामले में गिरफ्तार पांच आरोपियों को मेडिकल जांच के बाद आज न्यायालय में पेश किया गया। जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरमाहाट गांव में बीते शुक्रवार एक मार्च की रात 7-8 युवकों ने स्पेनिश महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर घटना के दूसरे दिन शनिवार को ही तीन युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। जबकि आज मंगलवार को घटना को अंजाम देने में संलिप्त शेष अन्य पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इससे पूर्व आज गिरफ्तार पांचों आरोपियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मेडिकल जांच के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने पांचों आरोपियों की मेडिकल जांच की। उस दौरान पुलिस ने आरोपियों का ब्लड सैम्पल, कपड़ा आदि जब्त किया गया। जिसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। आज गिरफ्तार आरोपियों में धनकुटा गांव का बुधुलाल मरांडी, बबलू हेम्ब्रम, कुरमाहाट गांव के बसिया मुर्मू उर्फ वशिष्ठ, समीर किस्कू और कुंजी गांव के बाबूजी सोरेन शामिल है।

## खड़े ट्रक से जा टकराई तेज रफ्तार कार, नवविवाहित जोड़े सहित एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत

**नंदयाल (आरएनएस)।** आंध्र प्रदेश के नंदयाल जिले में बुधवार को एक कार के खड़े ट्रक से टकरा जाने से नवविवाहित जोड़े सहित एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। यह दुर्घटना अल्लागड्डा मंडल में नल्लागाटला के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई।



पुलिस ने बताया कि हादसा सुबह करीब 5.15 बजे हुआ जब कार चला रहे व्यक्ति ने सडक़ किनारे खड़े ट्रक पर ध्यान नहीं दिया। कार में सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हैदराबाद का रहने वाला परिवार तिरुमाला मंदिर में दर्शन के बाद तिरुपती से घर लौट रहा था।

बालाकिरण और काव्या, जिनकी एक सप्ताह पहले शादी हुई थी, दुर्घटना में मारे गए। बालाकिरण की मां मंथरी लक्ष्मी और पिता मंथरी रविंदर और छोटा भाई उदय भी मारे गए। परिवार सिकंदराबाद के पश्चिमी वेंकटपुर का रहने वाला था। बालाकिरण ने 29 फरवरी को काव्या के साथ शादी की थी और रिसेप्शन 3 मार्च को शहर के शमीरपेट में आयोजित किया गया था।

## बर्फबारी के कारण चोपता में 3 दिनों से फंसे 15 पर्यटकों को एसडीआरएफ ने सुरक्षित निकाला

**देहरादून (आरएनएस)।** उत्तराखंड में कुछ दिनों से मौसम लगातार खराब चल रहा है। पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश और ओले गिरे, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बर्फबारी के कारण चोपता में 15 पर्यटक फंसे हुए थे, जिन्हें मंगलवार को एसडीआरएफ ने सुरक्षित निकाला। पहाड़ों पर बर्फबारी से जहां कई रास्ते बंद हो गए और ठंड बढ़ गई तो मैदानी इलाकों में बारिश और ओले गिरने से किसानों की फसल बर्बाद हो गई।



एसडीआरएफ ने जनपद रुद्रप्रयाग में चोपता सडक़ मार्ग पर पेड़ गिरने के कारण अवरुद्ध मार्ग को सुचारु करते हुए 15 सदस्यीय पर्यटक दल को रेस्क्यू किया है। मंगलवार को उखीमठ पुलिस ने एसडीआरएफ टीम को सूचित किया कि चोपता मार्ग पर ज्यादा बर्फ पड़ गई है, जिस कारण 15 सदस्यीय पर्यटक दल फंस गया है। सूचना मिलने पर एसडीआरएफ टीम रेस्क्यू उपकरणों के साथ तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। घटनास्थल पर पहुंचकर एसडीआरएफ टीम ने सभी 15 पर्यटकों तक पहुंच बनाई व सभी को सुरक्षित बर्फ वाले क्षेत्र से बाहर निकालाा और मार्ग में गिरे पेड़ को रेस्क्यू उपकरण की मदद से काटकर मार्ग को सुचारु किया। टीम ने सभी यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। ये 15 पर्यटक चोपता मार्ग पर घूमने गए थे और रिसोर्ट में ठहरे थे।

## बेंगलुरु ब्लास्ट के आरोपी का पोस्टर जारी, जानकारी देने वाले को मिलेगा 10 लाख रुपए का इनाम

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में कुछ दिन पहले रामेश्वरम कैफे में धमाका करने वाले संदिग्ध व्यक्ति का राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पोस्टर जारी किया है। एनआईए के पोस्टर में संदिग्ध पैंट, कमीज और टोपी पहने दिख रहा है। उसके कंधे पर बैग है। जांच एजेंसी ने पोस्टर जारी कर कहा कि हमलावर की जानकारी देने वाले को 10 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। इसके साथ ही जानकारी देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। इस घटना में अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इस मामले में सेंट्रल क्राइम ब्रांच और एनआईए दोनों ही जांच में जुटे हैं। मंगलवार को गृह मंत्रालय के आदेश के बाद एनआईए ने इस केस की जिम्मेदारी संभाली है। इससे पहले कर्नाटक सरकार ने केंद्रीय एजेंसी को जांच नहीं सौंपी थी।



वहीं इस मामले में कर्नाटक के होम मिनिस्टर जी. परमेश्वर ने कहा कि शहर की पुलिस सख्ती से जांच कर रही है। वह इस मामले का जल्द ही खुलासा करेगी। मामले की जांच तेजी से आगे बढ़ रही है। धमाके के बाद से ही रामेश्वरम कैफे को बंद कर दिया गया है और अब यह 8 मार्च को ही खुलेगा।

बता दें कि बेंगलुरु के इस चर्चित कैफे में 1 मार्च को लंच के दौरान ब्लास्ट हुआ था। इस धमाके में 10 लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए थे। हालांकि सभी की जान बचा ली गई।

इस मामले की जांच आगे बढ़ी तो सीसीटीवी फुटेज से खुलासा हुआ कि धमाके से करीब एक घंटे पहले एक युवक कैफे में आया था। वह कुछ ही मिनट वहां ठहरा और फिर एक बैग छोडक़र निकल गया था। माना जा रहा है कि उस बैग में ही आईईडी था, जिसमें टाइमर सेट किया गया था। आरोपी ने कैफे में एक प्लेट इडली का ऑर्डर दिया था, लेकिन प्लेट तैयार होने से पहले ही वहां से निकल गया।